तापमान

अधिकतम 22 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 शीत लहर की चपेट में छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 6 पंचायतों में

**एमसीबी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 19 दिसंबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर के पंचायत भवन में सुबह 10 से 1 बजे तक, तथा ग्राम पंचायत उजियारपुर के पंचायत भवन में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक, विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत पोडीडीह में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक, ग्राम पंचायत कोड़ागी के ग्राम पंचायत प्रांगण में दोपहर 2 से साय 5 बजे तक, इसी प्रकार विकासखंड जनकपुर के ग्राम पंचायत मैनपुर ग्राम पंचायत मैदान में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा ग्राम पंचायत बेनीपुरा ग्राम पंचायत मैदान में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक रहेगी तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जहां केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन की पूरी तैयारी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ हर क्षेत्र में पहुंच सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने शिविर को प्रतिदिन दो पाली में बांट दिया है। एक ही ब्लॉक के दो स्थानों में एक शिविर का समय प्रातः 10 बजे और दूसरे शिविर का समय दोपहर 2 बजे रखा गया है।

### सीएचसी में अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन

**मनेन्द्रगढ़।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 16 दिसंबर को अपेंडिक्स का सफलतापूर्वक ओपन सर्जरी ऑपरेशन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में आकाश तिवारी पिता चंद्रकांत तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी छोटा बाजार चिरमिरी का पेट में अपेंडिक्स इनफेक्टेड होकर फट गया था, जिसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सर्जन डॉ. प्रसून टोप्पो एवं उनके टीम द्वारा 2 घंटे की कड़ी मेहनत के उपरांत किया गया। बताया जाता है कि यह ऑपरेशन साधारण ऑपरेशन नहीं था, क्योंकि अपेंडिक्स इनफेक्टेड था। जिसके कारण ऑपरेशन करके उसे निकालना बहुत आवश्यक था। इस ऑपरेशन में डॉक्टर प्रसून टोप्पो के सहयोगी के रूप में सुबीना डेविड स्टाफ नर्स एवं मुकेश शर्मा द्वारा सहयोग प्रदाय किया गया।

### सरस्वती विकास में वार्षिकोत्सव 22 को

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी का वार्षिकोत्सव 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसमें वार्षिकोत्सव के साथ ही साथ साल भर चलने वाले आयोजन में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। श्री पांडे ने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं गणमान्य जनों से इस अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### एकतानगर में बहुरूपिया प्रतियोगिता 25 को

**मनेन्द्रगढ़।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आमजन के स्वस्थ



मनोरंजन के लिए बहुरूपिया प्रतियोगिता एकता नगर में आयोजित की जा रही है। खोंगापानी जिला एमसीबी में बहुरूपिया प्रतियोगिता 25 दिसंबर को आयोजित होगी। सभी प्रतियोगियों के लिए ढेर सारा नगद, गिफ्ट इनाम, शील्ड, सांत्वना पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है। प्रतियोगिता एकता नगर स्टेडियम से राजीव गांधी चौक तक आयोजित होगे। आयोजनकर्ता समस्त एकता नगर वासी हैं।

## वर्षों से कोरिया कुमार चौक में स्थापित है सिग्नल, आए दिन लगता है जाम

# शहर में शो पीस बना यातायात सिग्नल



शो पीस ट्रैफिक सिग्नल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के हृदय स्थल कुमार चौक के पास वर्षों पूर्व व्यवस्थित यातायात व्यवस्था को संचालन करने के लिए यातायात सिग्नल स्थापित किए गए थे, जो पूर्व में संचालित हो रहे थे, लेकिन बीते कई वर्षों से उक्त यातायात सिग्नल बंद पड़े हैं और न तो हटाया जा रहा है और न ही सुधार कराया जा रहा है।

इस तरह शहर के हृदय स्थल कुमार चौक के पास वर्षों से यातायात सिग्नल शो पीस बना हुआ है। जानकारी के अनुसार अविभाजित कोरिया जिला जब सरगुजा जिले के हिस्से में था, उस दौरान बैकुंठपुर के कुमार चौक को संजय चौक के नाम से पहचाना जाता था, तब कोरिया को उप जिला का दर्जा मिला हुआ था। उस दौरान तब के संजय चौक और अब के कोरिया कुमार चौक पर यातायात व्यवस्था को संचालन करने के लिए ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक सिग्नल लगाए गए थे, जो चौक के एक हिस्से में लगाया गया था, जिसकी सहायता से चौक पर यातायात व्यवस्था को संभाला जाता था। उस समय शहर की आबादी भी कम थी, इसके कारण इसकी जरूरत नहीं पड़ती थी, बावजूद इसके यातायात सिग्नल लगाए गए थे, जो वर्षों पूर्व से पूरी तरह से बंद पड़ा है और यातायात सिग्नल आज भी खंभे में लगे हुए हैं, जो पूरी तरह से कई वर्षों से बंद है, इसके सुधार करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वर्षों बीतने के बाद शहर की आबादी बढ़ी और वाहनों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। ऐसे में यातायात सिग्नल की जब उक्त चौक पर जरूरत है तब भी सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है। कुमार चौक पर यातायात कर्मियों के जिम्मे ही यातायात व्यवस्था का संचालन होता है। अब समय के साथ शहर में वाहनों की बढ़ती आवाजाही के चलते ऑटोमेटिक सिग्नल की जरूरत है, जिससे कि कुमार चौक पर यातायात व्यवस्था को संचालित सुगम तरीके से किया जा सके, इसके लिए यातायात पुलिस को पहल करते हुए नई व्यवस्था को बहाल करना चाहिए।

### शहर के किसी चौक में नहीं यातायात सिग्नल

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में जिला गठन के ढाई दशक बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने की पहल नहीं हो सकी है, जैसी व्यवस्था पहले थी, उसी व्यवस्था को अपनाकर अब भी यातायात व्यवस्था चलाई जा रही है। शहर के किसी भी चौक पर ऑटोमेटिक सिग्नल लाइट की व्यवस्था नहीं है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी यातायात पुलिस कर्मी के द्वारा ही यातायात की व्यवस्था संभाली जा रही है। अब समय के साथ पुरानी व्यवस्था में परिवर्तन करने की जरूरत पड़ रही है।

### वाहनों का दबाव बढ़ा पर व्यवस्था नहीं

शहर में वाहनों का दबाव बीते कुछ सालों से लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आज भी मैन्यूअल रूप से शहर के प्रमुख जगहों पर यातायात व्यवस्था को बनाने का काम हो रहा है, इसके कारण प्रमुख जगहों पर भी लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। त्यौहारी सीजन में और भी परेशानी यातायात को लेकर बढ़ जाती है। अब आवश्यक बदलाव करने की जरूरत है।



रैली में शामिल समाज के लोग।

# चिरमिरी में निकली क्रिसमस शांति रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

कोयलांचल नगरी चिरमिरी में मसीही समाज के लोगों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्म अवसर पर क्रिसमस शांति रैली निकाली गई।

रैली ईएलसी चर्च से गोदरीपारा प्रारंभ होकर डोमनहिल ,गेल्हापानी, कोरिया कॉलरी, पोंड़ी कॉलरी, हल्दीबाड़ी, बड़ी बाजार होते हुए ईएलसी चर्च पहुंच कर समापन किया गया। ईएलसी चर्च गोदरीपारा के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था व उनका पूरा जीवन मानव कल्याण, त्याग, प्रेम से भरपूर रहा, उनके इन्ही संदेश को लोगों के बीच में जाकर प्रचार करना मुख्य उद्देश्य है। संपूर्ण मानव समाज को आपसी मतभेद भूल कर प्रेम से रह कर शांति के मार्ग पर चलकर एक-दूसरे के प्रति त्याग की भावना से संपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहिए। उनके इन्हीं संदेश को लोगों के बीच में जाकर प्रचार करना मुख्य उद्देश्य है। संपूर्ण मानव समाज को आपसी मतभेद भूल कर प्रेम से रहकर शांति के मार्ग पर चलकर एक-दूसरे के प्रति त्याग की भावना से संपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहिए। रैली के उपरांत समाज के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई व झांकी का आयोजन किया गया। अंत में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया।

# उमझर और जुनापारा में संकल्प शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत सोमवार को जिले के ग्राम पंचायत उमझर और जुनापारा में कार्यक्रम आयोजित हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ में लगे एलईडी द्वारा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया गया एवं हितग्राहियों को केन्द्रीय पोषित योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजन

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का लोगों को जानकारी दी गई एवं हितग्राहियों से पात्रतानुसार फॉर्म भराया गया। वहीं 6 लोगों का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा उज्जवला योजना के लिए 4 आवेदन दाखिल किए गए। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सुमित्रा ने बताया कि उन्हें जब से अपना पक्का आवास मिला है, तब से उनके जीवन स्तर में काफी सुधार आया है, वे पहले अपने परिवार के साथ कच्चे घर में रहती थी, जिस वजह से उनके परिवार को विभिन्न मौसमों में अलग-अलग समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बरसात में कहीं छत से पानी टपकता था तो कहीं कीड़े मकोड़ों और सांप का डर बना रहता था, पर अब मोदी की गारंटी की वजह से उन्हें पक्का घर मिला है और वो बहुत खुश हैं। वहीं उज्जवला योजना के हितग्राही रेखा राजवाड़े ने बताया कि उन्हें इस योजना के माध्यम से मुफ्त गैस सिलेंडर ⏭ शेष पेज 4 पर

### आज यहां होंगे आयोजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा 19 दिसंबर को विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बिशुनपुर, पतरापाली, खाड़ा में प्रातः 10:30 बजे से ग्राम पंचायत फुलपुर, आमापारा, खोड़री में दोपहर 2 बजे से एवं विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत ओदारी में 10:30 बजे एवं कुशहा में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जहां केन्द्र पोषित योजनाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया जाएगा।



शिविर में उपस्थित हितग्राही।

### दिल्ली में बंधक बनाए गए 10 पहाड़ी कोरवा मजदूर

**अंबिकापुर।** मैनपाट के दस मजदूरों को दिल्ली में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाए गए मजदूर पहाड़ी कोरवा समुदाय के है। युवकों को अच्छा रोजगार दिलाने का झांसा देकर दिल्ली में ले जाकर बेच दिया गया है। अब बंधक बनाए गए मजदूरों में से एक ने वीडियो भेजकर मदद की गुहार लगाई है। बताया जा है कि मैनपाट के सुपलगा क्षेत्र में रहने वाले पहाड़ी कोरवा युवाओं को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर को दलाल अपने साथ दिल्ली ले गया था। दिल्ली में युवक विगत कई महीनों से रह रहे युवकों को उनकी मजदूरी नहीं दी जा रही है और उन्हें अलग अलग स्थानों पर रखकर काम गन्ने के खेत में काम कराया जा रहा है। युवकों द्वारा जब घर लौटने की बात कही जाती है तो उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है और जबरदस्ती उनसे काम कराया जा रहा है।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कृषक खुल सिंह ग्राम सिरौली निवासी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से पहला किस्त 26 हजार रुपए प्राप्त किया। उससे मिले रूपए से उन्नत बीज एवं खाद में उपयोग किया, जिससे उसकी आय में वृद्धि हुआ है।

उन्होंने अपने खेत के पास एक ट्यूबवेल खुदवाया, जिससे कृषि करने में उनको आसानी हो रही है। इस योजना के लिए मैं प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा करता हूं, इसके बाद श्रीमती सुशीला ने अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि मैं घर-घर जाकर काम करती थी। मैं आजीविका गतितिधि जुड़ी और काम करन चालू किया। मेरा पहला बैंक लिंकेज काम हुआ, उससे मैंने 7 हजार लेकर सेंट्रिंग प्लेट का काम किया। उसका काम पूरा करने के बाद मैंने दूसरा लोन लिया। उससे मैंने मटेरियल सप्लाई का काम किया। उसको पूरा करने के बाद तीसरा लोन लिया। जिससे मैंने 6 लाख रूपए का ट्रैक्टर लिया है। उन्होंने सभी दीदीयों का सहयोग के आभार व्यक्त किया। आजीविका मीशन से जुड़कर अच्छा आय अर्जित कर रही है, जिससे वह अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में शिक्षा दिला पा रही है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इसके बाद मोहन राम यादव ग्राम शंकरगढ़ निवासी ने बताया कि भारत सरकार के मृदा परीक्षण योजनांतर्गत अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराया, जिससे मैं अपने खेतों सीमित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करता हूं। खाद और बीज भी सीमित मात्रा में ही डालता हूं, जिससे मेरी फसल का उत्पादन अच्छी प्रकार से होता है। सभी किसान भाईयों से मेरा अनुरोध है कि आप लोग भी इस योजना के तहत अपने खेत की मिट्टी परीक्षण कराकर सीमित मात्रा में उर्वरक, खाद और बीज का उपयोग करें, जिससे आपकी फसल बढ़िया हो तथा मिट्टी की उपजाऊपन बनी रहे। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे एक जन-जन तक पहुंचने वाला कार्यक्रम कहा, इसके माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलेगा, इसके लिए उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।




लाभान्वित किसान।

# पत्नी ने घर में चिकन बनाया तो पति ने कर दी पिटाई

**बैकुण्ठपुर।** चिरमिरी थाना क्षेत्र में घर में चिकन बनाने पर एक पति ने पत्नी की पिटाई कर दी है। घटना दो दिन पहले की है,जब गोदरीपारा निवासी गीता की बहन उसके घर आई थी। बहन के आने पर गीता ने घर में चिकन बनाया था।

जानकारी के अनुसार इस दिन शाम करीब 6 बजे जब गीता का पति प्रदीप कुमार घर पहुंचा तो उसने घर में चिकन बनाने की बात पर हंगामा खड़ा कर दिया। चिकन बनाने की बात से प्रदीप इतना नाराज हुआ कि उसने अपनी पत्नी की पिटाई तक कर दी, इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि मामला थाने तक जा पहुंचा। वहीं पत्नी की शिकायत के बाद आरोपी पति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बताया गया है कि प्रदीप कुमार गुप्ता शराब पीकर घर पहुंचा था, इसके बाद घर में चिकन बनाए जाने की बात से नाराज हो गया। जैसे ही उसे पता चला की उसकी साली घर आई है इसलिए चिकन बना है तो उसने गालियां देना शुरू कर दिया, इसके बाद हाथ में रखे डंडे से उसने पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच पत्नी ने अपनी बहन को भी फोन कर बुला लिया। बीच-बचाव करने के बाद जैसे-तैसे पति शांत हुआ। मारपीट से पत्नी के दाहिने हाथ की कोहनी और अंगूठे में चोट लगी है। पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के विरुद्ध आईपीसी की धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लड्डुओं से तौले गए विधायक श्याम बिहारी

**डोमनहिल।** क्षेत्र के हल्दीबाड़ी शिव मंदिर में बीते 17 दिसंबर को पूजा-अर्चना कर विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का चंदन गुप्ता एवं समर्थकों के द्वारा आभार प्रकट किया। रैली पश्चात समर्थकों और कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक को लड्डूओं से तौला गया।

गोदरीपारा में भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता राजकुमार बधावन, सत्यनारायन सिंह, रघुनंदन यादव, द्वारिका जायसवाल, रनविजय सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं के द्वारा विधानसभा जीते हैं लोकसभा भी जीतेंगे का नारा लगाया गया और विधायक श्री जायसवाल को लडडूओं से तौलकर उपस्थित लोगों को बांटा गया। इस दौरान विधायक श्याम बिहारी जायसवाल सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किए और कहा कि भाजपा पार्टी ने जो भी घोषणा किया है उसे वे अवश्य पूरा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीत जैन, मनोज जैन, मुनमुन जैन, अभय जायसवाल, ब्रजेश सिंह, डॉ.गौतम विश्वास सहित काफी संख्या में समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



लड्डुओं से तौले गए विधायक श्याम बिहारी जायसवाल।

## विकासखंड भरतपुर के ग्राम सादनटोला का मामला

# मीनू के अनुसार बच्चों को नहीं मिलता मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एक ओर जहां शासन गांव-गांव में संचालित प्राइमरी और मिडिल स्कूलों तक बच्चों को लाने के लिए मध्यान्ह भोजन योजना चला रही है, ताकि गांव के गरीब बच्चों को पढ़ाई के साथ पौष्टिक आहार मिल सके।

- नियमों की हो रही अनदेखी

योजना के तहत शासन द्वारा मीनू अनुसार बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों के मानिटरिंग नहीं करने से स्कूलों में बच्चों को मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जाता है। ऐसा ही मामला विकासखंड भरतपुर के सादनटोला प्राइमरी स्कूल का सामने आया है। यहां के बच्चे और शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाली महिला समूह बच्चों के भोजन में कांटा मारती है। समूह कभी भी मीनू अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध नहीं कराती है। दाल के नाम पर केवल हल्दी वाला पीला पानी में ढूंढने पर तैरता हुआ इक्का-दुक्का दाल दिखता है। बच्चों को हरी सब्जी के दर्शन किए हुए भी लगभग अरसा बीत गया होगा और पापड़-अचार तो बीती बात हो गई है, जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार मिले, इसके लिए शासन द्वारा मध्यान्ह भोजन प्रारंभ किया गया, लेकिन मीनू अनुसार बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने से योजना में पलीता लग रहा है। एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर में अध्ययनरत बच्चों के लिए स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है, लेकिन मीनू अनुसार नहीं बनाने से अब इनके भोजन में पौष्टिकता गायब हो चुकी है। वहीं शिक्षकों का कहना है कि मध्यान्ह भोजन महिला स्वसहायता समूह संचालित करती है। इस बात की जानकारी संकुल के माध्यम से हम लोग कई बार दिए हैं पर किसी भी जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से अब बच्चों की थाली में केवल सादा भोजन ही रह गया है, जबकि प्रतिदिन बच्चों के लिए शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं।




### जांच की जाएगी

मामले में जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। मीनू के अनुसार भोजन दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**-इस्माइल खान**, बीईओ भरतपुर

# अनियंत्रित वाहन पुलिया पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर से लगे ग्राम पंचायत केनापारा मुख्य मार्ग पर एक वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया के उपर चढ़ गई।

- केनापारा मुख्य मार्ग की घटना

जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर के समय शहर से लगे ग्राम पंचायत केनापारा में स्थित एक नहर की पुलिया के किनारे सीमेंट के चबुतरे पर चढ़ गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना पश्चात आस-पास के लोगों के भीड़ जुट गई। किसी तरह वाहन को धक्के मारकर सुरक्षित निकाला गया। घटना के दौरान सड़क किनारे कोई अन्य लोग मौजूद नहीं थे,अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकती थी।



पुलिया पर चढ़ा वाहन।

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है। सहायक संचालक श्रीमती मखीजा ने बताया कि निर्धारित सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा स्वयं ऑनलाइन अथवा लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से भी बीमा करा सकते हैं।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 को

**सक्ती।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. सक्ती नंदेली भाठा में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के नियोजक न्यूट्रीन्टी काप केयर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, ग्रुप लीडर, एवं टीम लीडर के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव, हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वी एवं ग्रुप लीडर व टीम लीडर पद के लिये 12वी स्नातक कृषि निर्धारित किया गया है।

### शिक्षा महामहोत्सव में निःशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प 23 को

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के प्रथम दिवस 23 दिसंबर को सूर्यांश मेगा मैडिकल कैम्प एवं कृत्रिम अंगदान एवं कैलिपर मापन शिविर का आयोजन प्रातः 9 बजे से सूर्यांश विद्यापीठ, सूर्यांश प्रांगण, गौरव ग्राम सिवनी में किया गया है( जिसमें दिल्ली, रायपुर और अन्य महानगरों के कैंसर सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ एवं अन्य वरिष्ठ एवं अनुभवी विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा कैंसर रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, किडनी रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों का चिकित्सकीय परीक्षण, प्राथमिक उपचार एवं उचित सलाह के साथ समुचित दवाओं का वितरण सहित नियमित उपचार हेतु परामर्श देगें। प्रो. गोवर्धन सूर्यवंशी ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि इस निःशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प का अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर लाभ उठावें।

### 37 लीटर शराब के साथ 1 आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** 37 पाव देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर बलौदा पुलिस को मुखबिर सूचना मिला कि ठडगाबहरा का सत्यप्रकाश पाटले अपने चाय, अंडा दुकान में अवैध रूप से बडी मात्रा में देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए भंडारण करके रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। सत्यप्रकाश पाटले द्वारा दुकान के पास में उपस्थित मिला। जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 37 पाव देशी प्लेन शराब 180 एम.एल. वाली शीशी में भरी कुल 6.660 लीटर किमती 2960 रूपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से थाना बलौदा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। सत्यप्रकाश पाटले के खिलाफ आबकारी एक्ट का अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से 17 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उनि मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## जल्द पूरा होगा गरीबों के घर का सपना

# 30 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा पीएम आवास का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित कैबिनेट की प्रथम बैठक में राज्य के ग्रामीण अंचल के आवासहीन के लिए अहम फैसला लिया गया। राज्य में 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को तत्परता से आवास की स्वीकृति देने के साथ ही आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

जशपुर जिले में 30 हजार से अधिक परिवारों को भी इसका जल्द लाभ मिलेगा। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब तबके के लोगों का अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है। जिन परिवारों को पूर्व में राशि नहीं मिली एवं जिन परिवारों का आवास के लिए स्वीकृति हो गई उन्हें जल्द ही निर्माण की मंजूरी देने के साथ ही राशि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री




आवास योजना के तहत ऐसे गरीब परिवारों को घर मुहैया कराया जा रहा है, जिनका सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना 2011 की पात्र परिवार की सूची में नाम दर्ज है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत सभी बेघर और जिनके घरों में मरम्मत की आवश्यकता है, ऐसे परिवारों को मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। हितग्राहियों के खातें में राशि अंतरित करने के बाद राशि का सही जगह उपयोग हो अर्थात जारी राशि से आवास का ही निर्माण कार्य कराया जाये इसकी सतत मानिटरिंग की जा रही है।

हितग्राही प्रेरित होकर प्राप्त राशि से आवास निर्माण करा रहे है। नई सरकार के इस निर्णय के बाद हितग्राही खुश हैं और वे इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं। इस योजना से लोगों को अपने कच्चे आवासों से मुक्ति मिलेगी और योजना से लाभान्वित सभी हितग्राही अपने पक्के आशियाने में खुशहाल जिंदगी बसर कर पाएंगे।

## असामाजिक तत्वों ने भाजपा कार्यालय के सामने चिपकाया पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में एक बार फिर पर्चा कांड हुआ है, सोमवार की सुबह भाजपा कार्यालय के सामने एक पर्चा चिपका मिलने से शहर में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि कुछ देर में पर्चा हटा दिया गया ,लेकिन जब तक पर्चा हटता तब तक शहर के अनेक लोगों की निगाह पर्चे पर पड़ चुकी थी। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है यह हरकत अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया होगा।

- पर्चा में लिखा बागी नेताओं का बीजेपी कार्यालय में प्रवेश पर लगे पाबंदी
- बागी नेताओं में पूर्व मंत्री, विधायक सहित कई नेताओं के नाम

सोमवार की सुबह- सुबह भाजपा कार्यालय के सामने प्रवेश द्वार पर एक पर्चा चिपका मिला। पर्चे में 2023 के चुनाव में भाजपा के समय गद्दारी करने वाले नेताओं का कार्यालय में प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी। पर्चा में जिन नेताओं का प्रवेश वंचित करने की बात लिखी गई थी,उसमें पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व विधायक राजशरण भगत, पूर्व विधायक प्रत्याशी गोविंद राम भगत, भाजपा नेता गंगा राम भगत और डीडीसी लालदेव राम भगत का नाम शामिल था। जिला भाजपा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर चिपके पर्चा पर नजर पड़ते ही हटा दिया गया,लेकिन जब तक पर्चा हटाया जा सका तब तक अनेक लोगों की नजरें पर्चे पर पड़ गई थी। आशंका व्यक्त किया जा रहा देर रात्रि किसी असामाजिक तत्वों ने ये हरकत की है।

## महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में बन रहीं अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर की महिलाएं पीएमएफएमई योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्रांति में अग्रणी बन रही हैं।आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे

- आत्मनिर्भरता की दिशा में जिले की 42 महिलाओं को समर्पित
- एक पीएमएफएमई सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मिला बढ़ावा

बढ़ते हुए, जशपुर जिले की 42 महिलाओं को समर्पित एक पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री औपचारिककरण सूक्ष्म खाद्य उद्यम) सत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ावा मिला। यह सत्र जशपुर जिले के एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) और कुंडली के एनआईएफटीईएम (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।




आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं।

सत्र का मुख्य फोकस चावल आधारित उत्पादों की क्षमता को उजागर करना था, जो पीएमएफएमई के तहत जशपुर जिले का ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) है। एनआरएलएम के जिला मिशन मेनेजर विजय प्रसाद ने आत्मनिर्भर जशपुर को आगे बढ़ाने में महिलाओं को सशक्त बनाने में योजना की भूमिका पर जोर दिया। जशपुर में एनआईएफटीईएम विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम (वीएपी) के संरक्षक प्रो. प्रसन्न कुमार जीवी ने पीएमएफएमई योजना, फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण और जावापूल सुगंधित चावल के मूल्य वर्धन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, एनआईएफटीईएम उत्पाद विकास, विपणन और ब्रांडिंग पर डीआरपी (जिला संसाधन व्यक्ति) के माध्यम से व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और सहकारी समितियों को व्यापक तकनीकी सहायता प्रदान करता है। श्री मनोज गौतम (डीआरपी, जशपुर) और तोमर (सहायक निदेशक, उद्यान, छत्तीसगढ़ सरकार) ने बागवानी फसलों में उत्पादन और मूल्य वर्धन के अवसरों के बारे में बात की, और महिला समूह को ओडीओपी के तहत नई इकाइयाँ शुरू करने या मौजूदा प्रसंस्करण इकाइयों को औपचारिक सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में अपग्रेड करने के लिए पीएमएफएमई योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

महिला समूह वर्तमान में जिन मूल्य वर्धित उत्पादों को तैयार कर रही हैं, उनके संरक्षण, भंडारण, पैकेजिंग, लेबलिंग, विनियमन और विपणन पहलुओं पर एनआईएफटीईएम के छात्रों के साथ सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल हुईं। जय जंगल एफपीसी के निदेशक एवं खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने किसानों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में एनआईएफटीईएम की प्रमुख पहल, वीएपी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूजित अक्षत कलश वितरानवम शोभा यात्रा का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अयोध्या से सड़क मार्ग से चलकर रायपुर के रास्ते जशपुर पहुंची कलश का विकास खंड स्तर पर वितरण व शोभा यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

जशपुर के स्थानीय बालाजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगाना शुरू हो गया था। दिन के लगभग 12 बजे बालाजी मंदिर में कलश पूजा बालाजी मंदिर के पुजारी पंडित मनोज रमाकांत मिश्र द्वारा मंत्रोचार के साथ लिया गया। बालाजी मंदिर में आस पास के चार विकास खंडों से श्रद्धालुओं और नौजवानो की टोलियां गाजे बाजे के साथ आने लगे। लगभग 1 बजे बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में चारो विकास खंड से आए लोग सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण पहुंचे।



**राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में ग्रामीण आमंत्रित**

अयोध्या से जशपुर आई अक्षत कलश आज विकास खंड स्तर पर वितरित किया गया। जिसमे जशपुर, कुनकुरी, मनोरा व सन्ना विकासखंड से आए धर्म प्रेमियों को अक्षत कलश दिया गया है। वहां से विकासखंड के सभी गांवों के सभी परिवारों को इसी अक्षत के साथ अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अमंत्रित किया जाएगा।

-सर्वेश्वर सिंह, जिला संयोजक

सरस्वती शिशु मंदिर में कार सेवकों का मंचीय सम्मान किया गया। उसके बाद विकास खंड स्तर पर अक्षत कलश का वितरण किया गया।

## जिला स्तरीय सद्भावना शिविर आयोजित




**पत्थलगांव।** शासन के निर्देश पर नागरिक संरक्षण अधिनियम 1955, अनु.जाति एवं अनु. जनजाति (अत्याचार निवारण )अधिनियम 1989 के तहत संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सोमवार को अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर का आयोजन विकास खण्ड पत्थलगांव के ग्राम पंचायत कुमेकेला व महादेव टिकरा में किया गया। सद्भावना शिविर में सभी समुदाय से प्रबुद्ध जन एवं सतनामी समाज के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया।

## आईडी दिलाने के नाम पर 1 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बैक का कर्मचारी बताकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर ठगी कर लाखो रुपए वसूली करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हीराराम केवट निवासी सोठी 16 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर किओस्क बैंक का आईडी दिलाने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 10 हजार एवं नगदी 10 हजर कुल 20 हजार लिए है और आईडी नहीं दिलाने पर आरोपी निर्मल चंद्रा के संबंध मे पता करने पर पता चला कि आरोपी बैंक का




कर्मचारी नहीं है। आरोपी द्वारा प्रार्थी के अन्य साथियो से भी आईडी दिलाने के नाम पर पैसा लिया है। रिपोर्ट पर धारा 420, 34 भादवी कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी निर्मल चंद्रा को सकुनत से पकड़ कर हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कुल 1 लाख 8 हजार 839 रूपए रूपया लेना बताया। जुर्म स्वीकार करने तथा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर 17 दिसंबर को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। प्रकरण के अन्य आरोपी फरार है, जिसकी पातासाजी जारी है मिलने पर शीघ्र गिरफ्तारी कार्यवाही की जावेगी।

## 15 हजार ठगी का शिकार हुआ किसान, कलेक्टर से लगाई गुहार

**बिर्रा।** किसान के बैक खाते से कूटरचना कर 15 हजार रुपए की ठगी करने के मामले में प्रार्थी ने कलेक्टर एवं एसपी से फरियाद लगाते हुए शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला जिला सहकारी बैंक बिर्रा का है।



**खास बात**
- तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर बैंक शाखा बिर्रा के प्रभारी शाखा प्रबंधक द्वारा एक किसान से लगभग 15 हजार रुपए कूटरचना कर जबरदस्ती राशि ठगी कर धोखाधड़ी कर लिया गया है। ठगी का शिकार हुए किसान को जब पता चला कि प्रभारी शाखा प्रबंधक एवं केशियर और कैश काउंटर में बैठने वाला गार्ड इन तीनों के द्वारा कूटरचना कर छलपूर्वक जबरदस्ती 15 हजार रुपए शासन को देने के नाम पर रख लिया गया। शिकायतकर्ता विकास कुमार कश्यप निवासी ग्राम व पुलिस थाना बिर्रा ने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय रनसाय कश्यप जिनका बैंक खाता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा बिर्रा में संचालित था। जिनका खाता क्रमांक 60604101171 2 था। उनके मृत्यु के पश्चात उनके खाता की शेष राशि को विकास कश्यप के पिताजी राम प्रसाद कश्यप के आवेदन देने के उपरांत खाता क्रमांक 1060034 1389 में कुल राशि 43 हजार 318 रुपएस्थानांतरित किया गया।

उसके बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिर्रा के प्रभारी शाखा प्रबंधक द्वारा बोला गया कि उक्त राशि में से 14 हजार 8 सौ 44 रुपए गलती से चला गया, जिसे वापस करना होगा, लेकिन शाखा प्रबंधक द्वारा राशि को आज पर्यन्त वापस नहीं किया। ऐसे में प्रार्थी ने इस बात की शिकायत कलेक्टर से करते हुए प्रभारी शाखा प्रबंधक सहित तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अटल चौक का किया जा रहा रंग रोगन

**पत्थलगांव।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिले के समस्त अटल चौक का साफ सफाई एवं रंग रोगन किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्वच्छता के साथ किया जा सकेगा। पत्थलगांव जनपद पंचायत में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत गली, मोहल्लों, तालाब, सार्वजनिक स्थल का ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान के माध्यम -सफाई व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत के चौक चौराहा में बने के अटल चौक के परिसर का साफ-सफाई के साथ रंग-रोग किया जा रहा है।




## तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसा लेने के मामले में प्रभारी निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** तौल पर्ची काटने के बादले किसानों से रुपए लेने के मामले में अमोरा धान खरीदी केन्द्र को निलंबित कर दिए है। बताया जाता है कि किसान से रुपए वीडियो जमकर वायरल हुआ था। मामला अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमोरा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमोरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह के खिलाफ तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसे लेने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। अमोरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह का तौल पर्ची काटने के बदले किसानों से पैसे लेते वीडियो वायरल हुआ था। जिसे लेकर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे।

## किसानों का शत प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने कृषि व सहकारिता विभाग एवं बैंकर्स की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इसके संबंध में आज कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बैंकर्स की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने केसीसी कार्ड बनाने के लिए किसानों से लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी ली। संबंधित बैंकर्स ने बताया कि किसानों का चार फोटो, आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड, बीवन, पीटू या ऋण पुस्तिका का छाया प्रति, एवं नॉमिनी का आधार कार्ड का दस्तावेज लगेंगे। कलेक्टर ने व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए जो किसान वंचित है, उन्हें चिन्हांकित कर वांछित दस्तावेज प्राप्त करने



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर

तथा अभियान चलाकर केसीसी शत प्रतिशत किसानों का बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने केसीसी बनाने के लिए कार्य योजना बनाने कहा तथा कनिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को 50 केसीसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। विकासखंडवार केसीसी के प्रगति एवं उपलब्धि गूगल शीट में एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक कृषि, लीड बैंक मैनेजर, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य बैंकर्स उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किया चरईडॉड़ दमेरा रोड का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने चरईडॉड़ दमेरा रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने चरईडॉड़ दमेरा रोड निर्माण कार्य के स्थिति की जानकारी ली। पीडब्ल्यूडी कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि चराईडांड़ दमेरा रोड निर्माण कार्य का निविदा प्राप्त किया जा चुका है। टेक्निकल बीड खोली जा चुकी है। पीक्यू का वेरिफिकेशन हो चुका है। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता, उप अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शीघ्र ही फाइनेंशियल बीड खोली जाएगी और एक माह में कार्यादेश जारी करके कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया कि निविदा प्रक्रिया पूरी कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। चरईडॉड़ दमेरा रोड बन जाने से जशपुर कुनकुरी आने जाने वाले लोगों के समय की बचत होगी।

## भारतमाला परियोजना : सर्वे के बाद मिलेगा उचित मुआवजा



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव अनुविभाग अंतर्गत भारतमाला परियोजना हेतु ग्राम के किसानों की सुविधा एवं मांग के अनुसार सर्वे दल गठन कर फील्ड सर्वे का किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी के निर्देश पर दो आरआई मिखैल एक्का और तारा चंद राठौर, पांच पटवारी एवं भारतमाला के फील्ड सर्वे टीम ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्तावित नक्शे के अनुरूप सर्वे कार्य कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम बुढाडांड के ग्रामीणों को समझाइस दी गई, कि उन्हें शासन के निर्देशानुसार उचित मुआवजा मिलेगा एवं सड़क निर्माण होने से उनके गांव का विकास होगा सभी ग्रामीणों ने प्रशासन का सहयोग करने की बात की।

18- Dec CORIYA BHOOMI pg 3_Layout 1 12/18/2023 8:03 PM Page 1





# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style



# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?

**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक



कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार



**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।

## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...

**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से



कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

# श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।

# तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेंडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।

# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

***मुंबई।** जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म



अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरजमीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### एनएच 130 किनारे खड़े हाइवा से 200 लीटर डीजल की चोरी

**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर वाहनों से डीजल चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात पुनः चोरों ने ढाबा के सामने खड़े हाइवा वाहन से 200 लीटर डीजल की चोरी कर ली। आज सुबह घटना चालक को घटना की जानकारी हुई जिसके बाद चालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनयू 8400 ओड़गी से सेंट्रिंग प्लेट लेकर कुमड़ेवा जाने के लिए निकला था। इस दौरान रात लगभग 11 बजे चालक वाहन को उदयपुर बस स्टैंड के समीप ढाबा के बाहर खड़ा किया और खाना खाने के बाद सो गया। अगली सुबह 5 बजे जब चालक गंतव्य की ओर रवाना होने के लिए वाहन चालु किया तो वाहन के मीटर में डीजल का संकेतक डीजल खत्म होने का संकेत दे रहा था। ऐसे में जब उसने जांच की तो पता चला कि हाइवा से डीजल चोरी हो गया है। संभावना जताई जा रही है देर रात वाहन से अज्ञात चोरों के गिरोह ने डीजल की चोरी की है। वाहन से लगभग 200 लीटर डीजल की चोरी हुई है। इस मामले की शिकायत चालक द्वारा पुलिस से की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में गिरा किशोर, मौत

**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला स्थित निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में गिरने के कारण एक 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर अभ्यास विश्वकर्मा आ. रामेश्वर विश्वकर्मा (12 वर्ष) नमनाकला स्थित अपने नाना के घर रह कर पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को वह दोपहर में खेलने जाने की बात कह साइकिल से निकला था। शाम 3 बजे तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी खोज-बीन शुरू की। किशोर को खोजने निकले उसके नाना घर के निकट एक निर्माणाधीन मकान के पास किशोर की साइकिल देखी तो घर के भीतर उसे खोजने पहुंचे। घर के भीतर सेप्टिक टैंक के पास उसकी चप्पल पड़ी थी तथा किशोर पानी भरे सेप्टिक टैंक में गिरा था। नाना ने टैंक में कूदकर उसे बाहर निकाला तथा तत्काल मिशन अस्पताल ले गए, जहां जाचं उपरांत चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम रैसरा सत्तीपारा चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उमझर और जुनापारा...

कनेक्शन प्राप्त हुआ। पहले रेखा लकड़ी का इस्तेमाल कर खाना बनाती थीं, अब मुफ्त गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें खाना बनाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। धुआं से भी मुक्ति मिल गई है साथ ही समय का भी बचत होता है, जिससे अन्य कार्य करने में समय मिल जाता है, इसके साथ ही धरती करे पुकार कार्यक्रम के रासायनिक खाद से होने वाली हानि से सभी को अवगत कराया गया एवं जैविक खाद के उपयोग के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के कब्बड्डी 40 वर्ष से ऊपर के महिला वर्ग खेल में जिले के प्रतिनिधित्व करने वाले कलावती, मंगली बाई और शिमला को जिले के प्रतिनिधित्व करने पर मेडल से सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेता मोहम्मद शराफत अली, कृष्ण कुमार कुर्रे एवं आशीष को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कृषि विभाग द्वारा कृषि कार्य में ड्रोन स्प्रे मशीन का द्वारा कीटनाशक, उर्वरक के छिड़काव की प्रक्रिया भी ग्रामीणों से साझा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैस-स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शांति बाई, उप सरपंच गंगा राजवाड़े, ग्रामीणजन एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार दिनों से न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के नीचे

# शीत लहर की चपेट में छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट


पैरावट में जमा पाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले चार दिनों से छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट शीत लहर की चपेट में है तथा मामूली बदलाव के साथ रात का तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस के नीचे स्थिर है। लगातार पाला गिरने के कारण ठंड से लोगों का बुरा हाल है। मौसम की स्थिति देखते हुए तीन-चार दिनों तक ठंड से राहत मिलने एवं रात के तापमान में वृद्धि होने की उम्मीद नहीं है।

**खास बातें**

- ठिठुरन बढ़ने से जन जीवन प्रभावित, तीन-चार दिनों तक ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं
- दिन में भी जलाना पड़ रहा अलाव

रात के तापमान में तेज गिरावट होने के कारण सरगुजा संभाग के पठारी एवं मैदानी इलाकों का बुरा हाल है। वातावरण की शुष्कता बढ़ने के कारण पूरी रात घना कोहरे के साथ ओस की बूंदों के कारण रात में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दिन में उत्तर की शर्द हवाओं के प्रभाव से कनकनी बढ़ने के कारण लोगों को शाम 4 बजते ही ठंड से राहत के लिए अलाव जलाना पड़ रहा है। रात में लोग घर-घर अलाव जला रहे हैं। ठंड बढ़ने के कारण साप्ताहिक बाजारों में शाम ढलने के पूर्व ही लोग खरीदी कर लौट जा रहे हैं। ठंड एवं घने कोहरे के कारण दुकानें शाम ढलते ही बंद हो जा रही है। बलरामपुर जिला स्थित पठारी क्षेत्र सामरी पाट व लहसून पाट में भी ठंड से लोगों का बुरा हाल है। मौसम अधिकारी मामूली उतार-चढ़ाव के साथ आगामी तीन-चार दिनों तक तापमान के यथावत रहने एवं कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। आसपास में कोई सिस्टम नहीं होने एवं आसमान साफ रहने के कारण वातावरण की शुष्कता यथावत रहने की संभावना है। चालू सत्र में मैनपाट के तापमान में शुक्रवार को पहली बार तेज गिरावट हुई थी तथा तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। शुक्रवार को ओस की बूंदें जमकर सफेद बर्फ में तब्दील हो गई थी। मैदानों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। तापमान में आंशिक वृद्धि होने के बावजूद हर दिन पाला गिर रहा है तथा ओस की बूंदे जमने से खेत व मैदान सफेद नजर आ रहे हैं। रविवार को आलू अनुसंधान केंद्र एवं अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। हालांकि ठंड बढ़ने पर मैनपाट में न्यूनतम तापमान कई बार 2.0 डिग्री के नीचे पहुंच जाता है। इस बार अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है।

### बढ़ी पर्यटको की भीड़

ठंड बढ़ने के साथ ही मैनपाट में पर्यटकों की भारी भीड़ पहुंच रही है। राजधानी रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा सहित अन्य जिलों के बड़ी संख्या में पर्यटक हर दिन ठंड का लुत्फ लेने पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण मैनपाट के सभी होटल एवं शासकीय रिसॉर्ट 31 दिसम्बर तक फुल है। पर्यटकों को मैनपाट का टाइगर पाइंट, फिश पाइंट एवं उल्टापानी आकर्षित कर रहा है। रविवार को पड़ोसी जिला कोरबा एवं जांजगीर से 3-3 बसों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। अन्य क्षेत्रों के भी पर्यटक अपनी निजी वाहनों से परिवार सहित पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठा रहे हैं।

### शहरी क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहरी क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अम्बिकापुर का न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। वर्तमान में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री नीचे रहने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम अधिकारी आगामी तीन-चार दिनों तक रात का तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस के निकट रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि वर्तमान में भू मध्य रेखा के पास तीव्र हवा का एक संचार बना है जिसके प्रभाव से दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में घने बादल छाने के साथ ही दक्षिण छत्तीसगढ़ में कुछ प्रभाव पड़ने की संभावना है। तीव्र हवा के संचार का प्रभाव उत्तर छत्तीसगढ़ पर नहीं पड़ेगा। इधर अफगानिस्तान में एक कमजोर विक्षोभ सक्रिय है जिसका प्रभाव 4-5 दिन बाद सरगुजा में पहुंचने की संभावना है। विक्षोभ भारत में किसी दिशा में अग्रसर होगा अभी इसका अनुमान नहीं है लेकिन विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ में बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही मौसम में बदलाव आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व आसमान साफ रहने के कारण घनी आबादी में कुहासा एवं मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों में कोहरे का घनत्व बढ़ने की संभावना है।

### स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

चिकित्सक ठंड को स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक बता रहे हैं तथा सभी को ठंड का ध्यान रखने एवं बच्चों, बुजुर्गों की विशेष देख-रेख करने की सलाह दे रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक प्रताप राठिया ने बताया कि अत्यधिक ठंड पड़ने से आलू के पाला से प्रभावित होने एवं सरसों में माही का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। सुरक्षा के लिए किसान अपने खेतों में धुआं करें।

## भारी ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे असक्त बुजुर्ग बिता रहा रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



वर्तमान पीढ़ी अपने बुजुर्गों का ख्याल नहीं रख रही है तथा असक्त होने पर उन्हें दर-दर भटकने के लिए बेसहारा छोड़ दे रही है। एक असक्त वृद्ध पिछले तीन दिनों से सड़क किनारे पड़ा है। केंद्रीय जेल की कल्याण अधिकारी श्रीमती बानी मुखर्जी ने बुजुर्ग को कंबल एवं कपड़े उपलब्ध कराने के साथ ही नियमित उसके खाने-पीने की व्यवस्था कर रही है। अब बुजुर्ग वहां से हटने का नाम नहीं ले रहा है।

शुक्रवार को सुबह सड़क किनारे अर्द्धनग्न एक असशक्त बुजुर्ग को सडक के किनारे कांपते देख लोगों का ध्यान गया। केंद्रीय जेल की कल्याण अधिकारी श्रीमती बानी मुखर्जी ने बुजुर्ग को तत्काल गर्म कपड़े, कंबल एवं चाय एवं भोजन उपलब्ध कराया। बुजुर्ग अपना नाम कृष्णा मझवार एवं धौरपुर झरमुण्डा का निवासी बता रहा है। भोजन कराने के बाद श्रीमती मुखर्जी ने बुजुर्ग को वृद्धाश्रम भेजने की बात कही तो उसने वहां जाने से मना कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची एवं पुलिस कर्मियों ने उसे वृद्धाश्रम ले जाने की लगातार कोशिश की लेकिन वह उठा तक नहीं। बुजुर्ग का कहना है कि उसके दो बेटे हैं। छोटे बेटे का नाम नइहर है। बेटे पैसे के लिए जमीन बेचने की बात कह उसके साथ मारपीट करते हैं। बुजुर्ग यहां कैसे पहुंचा इस संबंध में कुछ भी नहीं बता रहा है। लोगों ने बुजुर्ग को उसके घर पहुंचाने की भी पहल की लेकिन वह कहीं भी जाने के लिए तैयार नहीं हो रहा है तथा खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे बैठ कर सर्द रातें गुजार रहा है। ठंड से बुजुर्ग की हालत देख वार्डवासी काफी परेशान हैं।

## पवित्र अक्षत कलश का कोयलांचल में हुआ भव्य स्वागत

**बिश्रामपुर।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु अयोध्या से निर्गमित पवित्र अभिमंत्रित पूजित अक्षत कलश का राम मंदिर सूरजपुर में पुजारी द्वारा जिला सहित सभी खण्डों के अक्षत कलश का पूजन, आरती पश्चात राम मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात अक्षत कलश को खण्ड संयोजक के माध्यम से खंडों में निर्गमित किया गया। अक्षत-कलश का खंड संयोजक महेश



गुप्ता, जिला सह प्रचार प्रमुख विजय शर्मा, खंड कार्यवाह जुगेश्वर राजवाड़े, बजरंग दल के जिला संयोजक सुजीत सिंह, संजीत सिंह, मयंक गोयल व अन्य प्रतिनिधियों के माध्यम से कोयलांचल बिश्रामपुर में आगमन पर बस स्टैंड में पुष्प वर्षा ढोल नगाड़े एवं भव्य आतिशबाजी के साथ अक्षत कलश का स्वागत किया गया। अक्षत कलश का हनुमान मंदिर पहुंचने पर कलश का विधि विधान से पूजन एवं आरती की गई। कलश का पूजन आरती एवं दर्शन उपरांत महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन, विजय मंत्र एवं सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद भोग प्रसाद वितरण किया गया। 21 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे अक्षत कलश का भव्य शोभायात्रा नगर में भ्रमण कर ढोल नगाड़े के साथ निकालकर मंडलों में कलश वितरण किया जाएगा। अक्षत कलश यात्रा स्वागत कार्यक्रम में सभी हिंदू संगठन के सदस्य दुर्गा वाहनी, बजरंग दल के सदस्य एवं राम भक्त हिंदू भाई एवं भगिनी काफी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय भारत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल, विवेक जायसवाल, विष्णु अग्रवाल, शितिकान्त स्वाई, कृष्ण कुमार गोयल, श्यामा पाण्डेय, पुष्पा सिंह, सुजीत सिंह, रमेश दनोदिया, दिप्ती स्वाई, मोहनी झा, विनय तिवारी, दीपेन्द्र सिंह चौहान, जीएस तिवारी, तेजबहादुर सिंह, मनी बग्गा, श्यामू साहू, अंकुर त्रिपाठी, फुलवसिया राजवाड़े, रजनी गुप्ता, वंदना मिश्रा, रविशंकर बउवा सहित सक्रिय रहे।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई हिंदू महासभा की बैठक



**प्रतापपुर।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम हिंदू महासभा प्रतापपुर द्वारा भी प्रतापपुर नगर में किया जाएगा। इसी संबंध में आज नवनिर्मित मंगल भवन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने निर्णय लिया।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु अक्षत कलश शोभायात्रा के साथ पहुंचा श्रीनगर



**रामानुजनगर।** संघ परिवार एवं भगवान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के तत्वाधान में भगवान श्रीरामलला के वास्तविक जन्मभूमि अयोध्या में पुनः प्राण प्रतिष्ठा एवं बाल विग्रह स्थापना 22 जनवरी को सुनिश्चित है। समस्त सनातन परिवारों की सहभागिता एवं हिन्दू घर तक अयोध्या से पूजित हल्दी-अक्षत पहुंचाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम का सुनियोजित परिपालन कराते हुए पूजित अक्षत-कलश पवित्र अयोध्या धाम से संघ के समस्त प्रांत मुख्यालयों तक पहुंचाया गया है। राजधानी रायपुर से विधिवत पूजा अर्चना कर जिला मुख्यालय सूरजपुर तक अक्षत-कलश लाया गया। पवित्र अक्षत कलश सूरजपुर के श्रीराम मंदिर से खण्ड मुख्यालय रामानुजनगर गाजे बाजे एवं संकीर्तन के साथ भक्तिमय वातावरण में ग्राम सीमा क्षेत्र में पहुंचा। इस बीच जगह-जगह अक्षत कलश का स्वागत पूजन किया गया। ग्राम नगर भ्रमण उपरांत लक्ष्मीनारायण मंदिर में प्रस्थापित कर दिया गया है। प्रान्त के निर्देश उपरांत उसे हर मंडल और प्रत्येक ग्राम के श्रीराममंदिर निर्माण एवं आमंत्रण समिति को सौंप दिया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** बेटी के ससुराल से घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम कपसरा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम रैसरा निवासी बोधई गत दिन पत्नी रमरतिया व नाती सुखदेव के साथ ग्राम करवां निवासी बेटी के यहां बाइक से गए थे। शाम को तीनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही अम्बिकापुर-बनारस मार्ग स्थित ग्राम कपसरा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार बोधई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रमरतिया व सुखदेव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत अपराध दर्ज किया है।



## राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए सर्वेश व पिया का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम में किया गया है। खिलाड़ी छत्तीसगढ़ सब जूनियर नेटबॉल टीम के साथ झारखंड में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। बता दें कि झारखंड के गोड्डा जिले में 21 से 24 दिसंबर तक 29वीं सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की सब जूनियर टीम भी शामिल हो रही है। इसके साथ ही टीम में सब जूनियर वर्ग से नेटबॉल के खिलाडी सर्वेश दुबे व कुमारी पिया तिर्की का चयन बालक व बालिका वर्ग में किया गया है। दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को गांधी स्टेडियम के बास्केटबाल ग्राउंड पर बास्केटबाल खेल के साथ नेटबाल खेल का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। बास्केटबॉल के साथ नेटबाल खेल में कई उपलब्धियां सरगुजा जिला को दिलाया है। खिलाड़ियों के चयन से खेल प्रेमियों के साथ ही संघ के पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है व सभी ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई है। इस दौरान संघ के डीके सोनी, गौरव सिंह, रघुनाथ मुखर्जी, सौरभ सिन्हा, अभिमन्यु सिंह, गौरव सोनी, भीम सिंह, विजय सिंह, दिपक सोनी, रजत सिंह, खुशबु गुप्ता, सुलेखा टोप्पो, प्रियंका पैकरा सहित अन्य मौजूद थे।

- झारखंड में छत्तीसगढ़ की टीम के लिए करेंगी खेल का प्रदर्शन

## केंद्रीय सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया अवलोकन

**सूरजपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ आज दूसरे दिन भैयाथान में बुंदिया व बतरा, प्रेमनगर में नवापारा कला व कोटेया, सूरजपुर में सरमा व नेवरा, रामानुजनगर में पम्पापुर व



चंद्रपुर, प्रतापपुर में बोंगा व गोविंदपुर पहुंचा। कुल दस जगहों में दो पाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका अवलोकन करने के लिए पदम लाल नेगी केंद्रीय संयुक्त सचिव व कार्यक्रम के लिए जिला प्रभारी विभिन्न कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। प्रथम पाली में पम्पापुर, सरमा व बुंदिया एवं द्वितीय पाली में बतरा, गोविंदपुर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में आए हितग्राहियों से चर्चा की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ मिल सके इसके लिए कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गोविंदपुर व बोगा में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



**प्रतापपुर।** क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान की शुरुआत दूरस्थ ग्राम पंचायत रमकोला से की गई। सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए अभियान के वर्चुअल शुभारंभ का लाइव प्रसारण दिखाया। ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्यों के साथ भागीदारी से वंचित एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रमुख योजनाएं स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन,गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कई योजनाओं के लाभ भी प्रदान किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण, आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा एलपीजी कनेक्शन, जनपद पंचायत प्रतापपुर द्वारा राशन कार्ड वितरण करने सहित ग्रामीणों को अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना तथा योजनाओं का लाभ वंचित एवं आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। यात्रा का समापन 26 जनवरी को होगा। यह यात्रा भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मोबाइल वैन के माध्यम से प्रत्येक वार्ड और गांव से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, जनपद पंचायत सीईओ पारस राम पैकरा, आरईएस विभाग की एसडीओ लवली सिंह, राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार राधेश्याम तिर्की व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ब्लॉक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष बने देव राजेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



ब्लॉक पंचायत सचिव संघ इकाई रामानुजनगर का निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदेश पंचायत संघ के आदेश अनुसार शनिवार को मतदान स्थल ग्राम पंचायत भवन सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न हुआ।

ब्लाक अध्यक्ष हेतु एक मात्र नाम निर्देशन पत्र देव राजेंद्र सिंह सचिव ग्राम पंचायत कोट का प्राप्त हुआ जिसे निर्वाचन अधिकारी मो.कासिम खान द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ को घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान की गई। साथ ही ब्लाक कार्यकारणी का गठन किया गया। अध्यक्ष देव राजेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, कांशी नाथ रजवाड़े सचिव जयनुल खान, कोषाध्यक्ष खेल साय, संगठन के कार्यकारिणी सदस्य सतमेश्वर देवांगन,पवन कुमार सिंह, शत्रुघ्न सवारे,श्रीधन रजवाड़े, कुंजलाल, देवचंद रजवाड़े, भूप साय प्रजापति, राजू चक्रधारी, कान्ति पात्रे, राधेश्याम कुरे, विकास गुप्ता, बनवारी साहू, सुनील देवांगन, देवनाथ सिंह, राजकुमारी को शामिल किया गया है।

### पेंशनर्स डे पर वरिष्ठ पेंशनर्स का किया गया सम्मानित

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स जिला इकाई द्वारा आज पेंशनर्स डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनर्स एसके तिवारी, सीएस उपाध्याय, केएन राय, चन्द्र हास्मणि त्रिपाठी, मोहन राम कुशवाहा को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न लंबित मांग शीघ्र जारी करने की मांग किया गया।






